आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश की आर्थिक स्थिति, विकास संरचना और राजस्व स्रोतों की व्यापक समीक्षा की, कहा–राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में वर्ष दो हजार छब्बीस तक प्रदेश की दस प्रतिशत की हिस्सेदारी के लक्ष्य के लिए बनाएं ठोस रणनीति।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय को नौ सौ इकतालीस करोड़ रुपये लागत की सात स्वास्थ्य परियोजनाओं की दी सौगात, कहा–सभी जिलों में वन ड्रिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना के आधार पर खोले जा रहे हैं मेडिकल कॉलेज।
- भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अपने सहयोगियों के साथ आज दोपहर बाद हो रही है पृथ्वी पर वापसी।
- सिद्धार्थनगर जिला कालानमक धान के उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय ओडीओपी पुरस्कार से हुआ सम्मानित।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश की आर्थिक स्थिति, विकास संरचना और राजस्व स्रोतों की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की आर्थिक यात्रा को संभावनाओं से परिणाम तक की प्रक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि यह रूपांतरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना से प्रेरित है। मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र, पशुपालन क्षेत्र, विनिर्माण क्षेत्र, सूचना प्रोद्योगिकी सेवाओं, राज्य के दो प्रमुख राजस्व स्रोतों जीएसटी और आबकारी शुल्क तथा सड़क परिवहन क्षेत्र की विशेष रूप से समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, राज्य की सकल घरेलू उत्पाद जीएसडीपी वर्ष 2024–25 में 29.6 लाख करोड़ के आँकड़े तक पहुँचने का अनुमान है, जो 2020–21 की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसी अवधि में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 8.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गई है। मुख्यमंत्री ने इसे आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में ठोस उपलब्धि बताया, साथ ही यह भी कहा कि हमें वर्ष 2026 तक 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर अभी से ठोस रणनीति बनानी चाहिए। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक***

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने एक अन्य उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बलरामपुर स्थित मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय, मिर्जापुर स्थित मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय और मुरादाबाद स्थित गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि तीनों विश्वविद्यालयों में पूर्णकालिक रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और वित्त नियंत्रक की तत्काल तैनाती की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विश्वविद्यालयों को केवल शैक्षणिक परिसर न मानकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस व्यापक विजन का विस्तार समझा जाए, जिसमें हर जिले के युवाओं को गुणवत्तापरक, रोजगारपरक और सुलभ उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में नौ सौ इकतालीस करोड़ रुपये लागत की सात स्वास्थ्य परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार वन डिस्टिक वन मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना को साकार करते हुए सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोल रही है।

***हम लोग जब आये थे हमारे पास गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की संख्या बहुत कम थी। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि पचहत्तर जनपदों में एक एक मेडिकल कॉलेज वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज इस परिकल्पना को हम साकार करते हुए दिखाई दे रहे हैं।***

मुख्यमंत्री ने किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कार्डियोलॉजी विभाग में बानवे बेड के आईसीयू भवन औ तीन सौ चालीस बेड के अर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेन्टर की सौगात दी। साथ ही साथ तीन सौ बेड की क्षमता वाले जनरल सर्जरी विभाग के नये भवन और पांच सौ बेड वाले ट्रामा सेंटर के विस्तारित भवन की नींव रखी। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद रहे।

**********

आज विश्व युवा कौशल दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय कौशल मेला और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ हरिओम ने कल लखनऊ में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में इस अवसर पर रोजगार मेले लगाये जा रहे हैं।

***जितने ट्रेड्स हैं हमारे जैसे इलेक्ट्रीशियन है, या कम्प्यूटर ऑपरेटर्स हमारे होते हैं या हेल्थ सेक्टर में जैसे जीडीए सेक्टर में। इसमें सब में भी प्लेसमेंट के लिए हमारे प्लम्बर्स हैं। ये जो ट्रेड्स हमारे यहाँ चलते हैं वही ट्रेड्स हैं। उनमें जो लोग रोजगार देने वाले लोग हैं, जो कंपनियां हैं वो आएगी इस बुलाएंगे। रोजगार मेला जो हमारा चल रहा है उससे आपको जितने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार दे सकेंगे।***

इसी क्रम में प्रदेश के अमरोहा, जौनपुर, फर्रुखाबाद, उन्नाव, उरई और जालौन सहित कई जिलों में कल रोजगार मेलों के आयोजन किए गए।

**********

एक्सिओम–फोर मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य सहयोगी पृथ्वी की वापसी यात्रा में हैं। स्पेसएक्स कंपनी ने कहा है कि क्रू कैप्सूल ड्रैगन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से कल करीब पौने पांच बजे अलग हो गया। अंतरिक्ष यान आज दोपहर बाद लगभग तीन बजे कैलिफोर्निया तट पर उतरेगा।

***वापसी पर शुभांशु शुक्ला और उनके सहयोगियों को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए सात दिन की निगरानी में रखा जाएगा। वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14–दिन के मिशन पर थे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय और वर्ष 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इस दौरान, उन्होंने भारत से संबंधित सात प्रयोग किए। अंतरिक्ष स्टेशन से विदाई पर शुभांशु शुक्ला ने अपनी यात्रा को अविश्वसनीय बताया। एक्सिओम मिशन 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। समाचार कक्ष से शशांक कुमार***

शुभांशु के माता–पिता उनकी सकुशल वापसी के लिये ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। शुभांशु की माता आशा शुक्ला ने कल लखनऊ में कहा कि बेटे के अंदर देश के प्रति मौजूद जज्बे को देख कर उन्हें अच्छा लगा रहा है।

***साथ ऐसी लबालब भरे हुए है हम लोग बहुत ज्यादा अच्छा लग रहा है सोच सोच के की वापस आ रहा है धरती पर उतरेगा तो खुशी हो रही है बहुत ज्यादा जो मैसेज दे रहे थे की हाँ जहाँ ऐसी अच्छा भारत आज भी दिखता है ये उन्होंने मैसेज दिया वहाँ ऐसी तो सुनकर बहुत अच्छा लगा है कि देश के प्रति इतना जज़्बा भरा बेटे के अन्दर।***

**********

कालानमक धान का उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए सिद्धार्थनगर जिले को कल राष्ट्रीय ओडीओपी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और जितिन प्रसाद तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर को यह पुरस्कार दिया।

**********

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारतीय सेना पर अमर्यादित टिप्पणी के मामले में आज लखनऊ में एमपी एमएलए विशेष कोर्ट में पेश होंगे। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान श्री गांधी द्वारा कथित टिप्पणी किए जाने का यह मामला प्रकाश में आया था।

**********

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा आज बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रधानमंत्री दिव्यांशा केंद्र का उद्घाटन करेंगे। यह भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर की इकाई है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री वर्मा दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

**********

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में रुक रुक कर वर्षा का क्रम जारी है। कल दोपहर बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित आसपास के जिलों में मध्यम से लेकर तेज वर्षा हुई। कई पूर्वी जिलों में आज भी आसमान में बादल छाए हुए हैं। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कल बदायूं सहित कई जिलों में झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आज से अठारह जुलाई तक, जबकि पश्चिमी हिस्से में कल से अठारह जुलाई तक कहीं कहीं तेज वर्षा होने और बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा की पूरक परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। गोरखपुर जिले में सीबीएसई बारहवीं की सभी विषयों की पूरक परीक्षा एक ही दिन आयोजित की जाएंगी। वहीं दसवीं की पूरक परीक्षाएं बाईस जुलाई तक चलेंगी।

**********